VOL. 27, NO. 11, NOVEMBER 2026

# CEC News

















शैक्षिक संचार संकाय
Consortium for Educational Communication
(इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र)
(An Inter-University Centre of University Grants Commission on Electronic Media)

विकसित भारत अभियान

100 YEARS

1947 TO 2047

# CONTENT


| | |
|---|---|
| Media and Education | 05-07 |
| Activities | 08-24 |
| Lecture of the Month | 25 |
| CEC Birthdays | 26 |



**Editorial Desk**



Dr. Ch. Peidu
Academic Coordinator (R)



**Assistant Editor**
Miss. Sanya Bhardwaj
Content Writer



**Designer**
Mr. Prem Chander
Graphic Designer/Animator




Dear Readers,

**CEC: Illuminating Minds and Inspiring Futures**

Diwali, the festival of lights, celebrates hope, wisdom, renewal, and the victory of light over darkness. On this Diwali, I wish you all a very happy Diwali from the heart. Wishing you happiness, prosperity, peace, and the inspiration to pursue new horizons of knowledge. The real spirit of Diwali is not simply lighting homes, but kindling the mind with the flame of knowledge. As we celebrate, let's recommit to the promise that education will be the light guiding us toward opportunity, empowerment, and social change.

The National Education Policy (NEP) 2020 envisions an education system that is holistic, multidisciplinary, inclusive, and attuned and responsive to the aspirations of a dynamic, changing world. In harmony with this vision, the Consortium for Educational Communication (CEC) lights the way forward with innovative digital education initiatives. Through a wide array of undergraduate and postgraduate MOOCs on SWAYAM, CEC empowers learners to pursue knowledge and embrace lifelong learning, free from the constraints of geography or time.

Vyas 24×7 DTH channel for higher education, together with six other educational channels, brings learning opportunities to every corner of the nation. Accessible nationwide, these free-to-air DTH services and SWAYAM Prabha platforms feature live and recorded lectures by distinguished faculty and academicians across India. By bridging distances, these platforms open doors to quality education and connect learners with expertise wherever they are.

CEC's e-course modules are developed in accordance with the UGC model curriculum and the Choice Based Credit System (CBCS). They reflect our commitment to academic excellence and learner-centred education. Designed by subject experts from across the country and subjected to a rigorous two-stage peer-review process, these modules combine scholarly rigour with engaging learning experiences. As technology transforms the landscape of education, CEC stands dedicated to turning digital possibilities into meaningful learning journey opportunities. We believe every learner deserves quality education and that each initiative can help build a more informed, equitable, and empowered society.

This Diwali, let us kindle curiosity, spread knowledge, and recommit to building a better future through education. CEC invite all educators, learners, and partners to join CEC on this continuing journey of learning, innovation, and nation-building.May the light of Diwali inspire every mind, illuminate every path, and bring knowledge, prosperity, and happiness to all.

Wishing you and your families a happy, peaceful, and prosperous Diwali

**Jai Hind!**

प्रिय पाठकों,

**सीईसी: ज्ञान का आलोक और उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा**

दीपावली प्रकाश का महापर्व है, जो आशा, ज्ञान, नवचेतना एवं अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर आप सभी को हृदय की गहराइयों से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। कामना है कि यह दीपोत्सव आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली का नवप्रकाश लेकर आए तथा ज्ञान-विज्ञान के नए क्षितिजों को स्पर्श करने की प्रेरणा प्रदान करे। दीपावली का वास्तविक मर्म केवल घरों को दीपों से आलोकित करना ही नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रकाश से अंतर्मन को प्रकाशित करना भी है। इस पावन पर्व के अवसर पर आइए, हम इस संकल्प को पुनः दृढ़ करें कि शिक्षा वह प्रकाशपुंज बनेगी, जो हमें अवसरों की उपलब्धता, सशक्तिकरण तथा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यही ज्ञान का आलोक एक समावेशी, सशक्त एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण का आधार बनेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की परिकल्पना करती है, जो समग्र, बहुविषयक, समावेशी तथा गतिशील एवं परिवर्तनशील विश्व की आकांक्षाओं के अनुरूप और उनके प्रति संवेदनशील हो। इस दूरदर्शी परिकल्पना के अनुरूप, शैक्षिक संचार संकाय (सीईसी) नवोन्मेषी डिजिटल शिक्षा पहलों के माध्यम से प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। स्वयं प्लेटफॉर्म पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विविध ऑनलाइन मुक्त पाठ्यक्रमों (मूक्स) की व्यापक श्रृंखला के माध्यम से सीईसी शिक्षार्थियों को ज्ञानार्जन तथा आजीवन सीखने के अवसर प्रदान कर रहा है। इन पहलों के माध्यम से शिक्षार्थी भौगोलिक सीमाओं और समय की बाध्यताओं से मुक्त होकर अपनी सुविधानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

उच्च शिक्षा के लिए समर्पित व्यास 24×7 डीटीएच तथा छह अन्य शैक्षिक चैनल देश के कोने-कोने तक शिक्षा के अवसर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देशभर में सुलभ ये निःशुल्क डीटीएच सेवाएं एवं स्वयं प्रभा प्लेटफॉर्म, भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं शिक्षाविदों के लाइव तथा रिकॉर्ड किए गए व्याख्यान प्रसारित करते हैं। भौगोलिक दूरियों को पाटते हुए ये शैक्षिक प्लेटफॉर्म शिक्षार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए द्वार खोलते हैं तथा उन्हें देशभर के विषय-विशेषज्ञों के ज्ञान एवं अनुभव से जोड़ते हैं।

सीईसी द्वारा विकसित ई-पाठ्यक्रम मॉड्यूल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के आदर्श पाठ्यक्रम तथा विकल्प-आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीएस) के अनुरूप तैयार किए जाते हैं। ये मॉड्यूल शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षा के प्रति सीईसी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करते हैं। देशभर के विषय-विशेषज्ञों द्वारा विकसित तथा दो चरणों वाली सघन सहकर्मी समीक्षा प्रक्रिया (पीर रिव्यू प्रोसेस) से परिष्कृत ये मॉड्यूल विषय-वस्तु की अकादमिक गंभीरता, प्रामाणिकता एवं गुणवत्ता के साथ-साथ रोचक और प्रभावी अधिगम अनुभव भी सुनिश्चित करते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के माध्यम से निरंतर हो रहे परिवर्तन के इस दौर में, सीईसी डिजिटल संभावनाओं को सार्थक एवं प्रभावी अधिगम अवसरों में परिवर्तित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक शिक्षार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी है तथा हमारी प्रत्येक पहल एक अधिक जागरूक, समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। यही प्रतिबद्धता हमें ज्ञान के प्रसार, शैक्षिक समानता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करती है।

इस दीपावली आइए, हम सभी जिज्ञासा की ज्योति प्रज्ज्वलित करें, ज्ञान का प्रकाश फैलाएं तथा शिक्षा के माध्यम से एक बेहतर भविष्य के निर्माण के अपने संकल्प को और अधिक दृढ़ करें। सीईसी सभी शिक्षकों, शिक्षार्थियों एवं सहयोगी संस्थानों से आह्वान करता है कि वे अधिगम, नवाचार एवं राष्ट्र-निर्माण की इस सतत यात्रा में सीईसी के साथ सहभागी बनें और ज्ञान-आधारित, सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।
दीपावली का पावन प्रकाश प्रत्येक मन में नई प्रेरणा का संचार करे, जीवन के प्रत्येक पथ को आलोकित करे तथा सभी के जीवन में ज्ञान, समृद्धि एवं सुख-शांति का संचार करे।

आप सभी एवं आपके परिवारजनों को हर्षोल्लासपूर्ण, शांतिमय एवं मंगलमय दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

**जय हिंद!**

# DIGITAL REVOLUTION IN AGRICULTURE: ICT AND AI FOR FARMER EMPOWERMENT



**Rakesh Kumar Thakur**
JRO,
EMRC Sagare,
Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar

At the moment, digital education has become essential for the growth of the agricultural sector. Especially in India, where it forms the foundation of its economy, agriculture plays a significant role in contributing to the development of the country and providing the necessary food security. However, traditional agricultural practices have continued to suffer from a number of challenges, including lack of information, adverse weather, diseases in crops, poor yields, among others. ICT and artificial intelligence are some modern technologies that are revolutionising the agriculture sector through smart farming practices and digital education.

**Utilization of ICT in Smart Farming Practices**

Information and Communication Technology, abbreviated as ICT, refers to different digital tools and technologies that are utilised for gathering, processing, distributing and transmitting information in an efficient manner. Examples of ICT devices and technologies include computers, laptops, smartphones, tablets, the internet, television, radio, smart apps, online learning sites, and communication networks. These technologies have made it possible for individuals to communicate, access information instantly, and perform a range of tasks.

ICT plays a key role in improving digital learning and knowledge transfer in education and agriculture. ICT makes information sources such as online resources, teaching videos, e-books, weather forecast reports, government schemes, and professional advice available to users anytime and anywhere. Moreover, the use of ICT makes the process of communication through social media, instant messages, video conferences, and emails faster.

ICT contributes greatly to bridging the gap between rural areas and technological advancements because it enables farmers and learners to gain access to information, online services, and training programs. In today's digital era, ICT has become increasingly significant for social, educational, and economic development.

**1. Availability of Information and Knowledge in Agriculture**

It is worth mentioning that valuable agricultural information is easily accessible to farmers through websites, online portals, and mobile applications. Due to quick updates about the weather forecast, farmers can conduct their processes of sowing, irrigation, and harvesting more effectively. In addition, farmers are provided with information regarding which crop seeds are suitable for their specific environmental conditions.

The following digital services increase the farmers' net income levels and quality of life, enhance agricultural production, reduce agricultural risks, and help farmers make good choices. The farmers can connect to agricultural experts, researchers, and other market-related updates through digital means anytime, from anywhere, with the help of mobile applications and the Internet.

**2. Development of Digital Skills and E-learning**

Digital platforms such as webinars, courses of study, videos, and other training sessions are used by farm-

ers to learn modern ways of agriculture and increase their expertise in the field of agriculture.

**3. Information about Markets**
The use of ICT technology makes it easy for farmers to find real-time information regarding market prices, demand, and trading information. Using ICT technology, farmers can find out where to sell their produce by comparing the prices of their crops in various markets, thus earning more profits from their hard work and avoiding any exploitation by middlemen. Also, farmers can learn about consumer demand, transport facilities, storage facilities, trends in markets, and export opportunities.

**4. Networking and Communication**
Farmers have the ability to communicate with scientists, agronomists, and other farmers through social media platforms, messengers, and online forums to discuss any problems associated with farming.

**Artificial Intelligence in Smart Agriculture**
Artificial Intelligence (AI) refers to computer systems with intelligence, which has the ability to analyze data, forecast and provide decision support. AI technology is revolutionizing the field of agriculture as it enhances the efficiency, accuracy, and productivity of farming.

**1. Crop monitoring and smart agriculture**
Crop health can be tracked using drones, sensors, and satellite images with AI technology. The technology helps farmers identify pest attacks, diseases, and lack of nutrients early enough.

**2. Weather forecasting**
AI technology can also help farmers plan their activities of irrigation, planting, and harvesting due to its capability to analyse meteorological data.

**3. Modern Precision Farming**
AI increases efficiency and decreases wastage in precision farming by providing suggestions regarding the amounts of water, fertilisers, and pesticides needed for the crops.

**4. Autonomous Agricultural Machinery**
Robots and machinery powered by AI can perform activities such as harvesting and planting, among others, to avoid human effort.

**The strengths of ICT and AI for farmers**
The incorporation of ICT and AI in agriculture has many strengths.
- Enhances the productivity of agriculture
- Reduces the cost of agricultural production
- Boosts the income of farmers
- Improves decision-making capabilities
- Encourages the adoption of environment-friendly techniques of production
- Makes information and education readily available
- Encourages digital literacy among farmers

**Challenges faced by Digital Agriculture**
Despite all the strengths, there remain a few challenges:
- Lack of internet connectivity in rural areas
- Farmers having low digital literacy skills
- Expensive advanced technologies
- Low awareness of digital tools
- Language barriers in digital information

To overcome these challenges and ensure ICT is available to every farmer, governments, educational institutes, and technology companies must collaborate.

The use of ICT and AI is propelling the digital revolution in agriculture, which is transforming the agricultural sector and opening up new possibilities for farmers around the globe. Farmers are moving away from traditional farming approaches toward smart, efficient, and sustainable agricultural processes thanks to these advanced technologies. Farmers can access critical information on weather predictions, crop cultivation, irrigation techniques, pest control, market rates, and governmental initiatives through digital channels, mobile apps, online training courses, and AI-driven platforms.

By providing accurate and timely information, ICT and AI not only increase agricultural productivity and resource management but also enable better decision-making. Smart technologies such as precision farming, crop monitoring systems, automated machinery, and data analytics help farmers reduce their production expenses, increase crop production, and minimise risks associated with agricultural operations. In addition, ICT and AI are helping farmers to improve their knowledge and technical skills regarding modern agricultural practices.

The application of ICT and AI can make a significant contribution towards improving farmers' economic conditions, even though there may be challenges such as lack of good internet, lack of digital literacy skills among individuals, and high costs associated with the implementation of such technologies. Hence, governments, universities, and IT firms need to work together to ensure that rural development remains sustainable in the future.

★

*Disclaimer: Views expressed in the article are personal.*

# सीईसी के प्रतिष्ठित नेतृत्व का ईएमआरसी–इफ्लू दौरा

शैक्षिक संचार संकाय (सीईसी) की शासी निकाय की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वसुधा कामत तथा एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की प्रो. (डॉ.) जयश्री शिंदे ने 25 सितंबर, 2026 को हैदराबाद स्थित अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (इफ्लू) के शैक्षिक मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्र (ईएमआरसी) का दौरा किया। इस अवसर पर ईएमआरसी–इफ्लू को दोनों प्रतिष्ठित अतिथियों का स्वागत करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। ईएमआरसी–इफ्लू के कार्यवाहक निदेशक प्रो. टी. टी. श्रीकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरे के दौरान डिजिटल शिक्षा, शैक्षिक मीडिया तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम अधिगम के बदलते परिदृश्य पर सार्थक विचार-विमर्श का अवसर प्राप्त हुआ। इस चर्चा में विशेष रूप से नवोन्मेषी, समावेशी एवं सुलभ शैक्षिक संसाधनों के विकास में शैक्षिक मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्रों (ईएमआरसी) की भूमिका पर बल दिया गया। दौरे के दौरान प्रो. कामत एवं प्रो. शिंदे ने ईएमआरसी–(इफ्लू) के स्टूडियो तथा निर्माण सुविधाओं का अवलोकन किया और केंद्र के कार्मिकों के साथ संवाद किया। उन्होंने ईएमआरसी की टीम की व्यावसायिक प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री के निर्माण तथा डिजिटल अधिगम संबंधी पहलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

अतिथियों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मिनी संग्रहालय का भी अवलोकन किया, जहाँ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रसारण प्रौद्योगिकियों के विकासक्रम को अभिलिखित किया गया है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए शैक्षिक प्रसारण के तकनीकी इतिहास एवं विरासत के संरक्षण तथा उनके सुव्यवस्थित प्रस्तुतीकरण की दिशा में केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरे के दौरान इफ्लू की कुलसचिव सुश्री सिनी मंचला तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेपुडी विजयलता सहित ईएमआरसी के कार्मिक भी अतिथियों के साथ उपस्थित रहे। ईएमआरसी–इफ्लू के निर्माता श्री जे. वी. श्रीराम तथा यूनिट सहायक श्री तेजस्वी ने स्टूडियो की कार्यप्रणाली की जानकारी दी तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मिनी संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं एवं उनके ऐतिहासिक महत्व से अतिथियों को अवगत कराया।

यह दौरा ईएमआरसी–इफ्लू के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुआ, जिसने शैक्षिक संचार के क्षेत्र में केंद्र की निरंतर भूमिका को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इस दिशा में बहुमूल्य दृष्टिकोण भी प्रदान किए। इस अवसर ने शैक्षिक मीडिया सामग्री के निर्माण को सुदृढ़ करने तथा सुलभ, नवोन्मेषी एवं उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल शिक्षा के संवर्धन हेतु सीईसी के व्यापक नेटवर्क के प्रयासों में योगदान देने के प्रति ईएमआरसी–इफ्लू की प्रतिबद्धता को भी पुनः पुष्ट किया।

# Distinguished CEC Leadership Visits EMRC–EFLU

EMRC-EFLU had the privilege of welcoming Prof. (Dr.) Vasudha Kamat, Chairperson, Governing Body, Consortium for Educational Communication (CEC), and Prof. (Dr.) Jayashree Shinde, SNDT Women's University, during their visit to the Educational Multimedia Research Centre (EMRC), The English and Foreign Languages University (EFLU), Hyderabad, on 25 September 2026. Prof. T. T. Sreekumar, Director i/c, EMRC-EFLU, welcomed the distinguished guests.

The visit provided an opportunity for productive discussions on the changing landscape of digital education, educational media, and technology-enabled learning, with particular attention to the role of EMRCs in developing innovative, inclusive, and accessible educational resources. During the visit, Prof. Kamat and Prof. Shinde toured the studios and production facilities of EMRC-EFLU and interacted with members of the staff. They appreciated the EMRC team's professional commitment and its efforts to produce quality educational content and support digital learning initiatives.

The guests also visited the Electronic Media Mini Museum, which documents the evolution of electronic media and broadcasting technologies. They appreciated the initiative and the Centre's efforts to preserve and present the technological history and legacy of educational broadcasting. Ms. Sini Manchala, Registrar, EFLU, and Dr. Repudi Vijayalatha, Associate Professor, EFLU, along with the staff of EMRC, accompanied the guests during the visit. Mr. J. V. Sriram, Producer, EMRC-EFLU, and Mr. Tejaswi, Unit Assistant, explained the function-

ing of the studios and introduced the guests to the exhibits and their historical significance in the Electronic Media Mini Museum.

The visit was a significant occasion for EMRC-EFLU, providing both encouragement and valuable perspectives on the Centre's continuing role in educational communication. It also reaffirmed EMRC-EFLU's commitment to strengthening educational media production and contributing to the wider CEC network's efforts towards accessible, innovative, and high-quality digital education.



(Centre) Prof. Vasudha Kamat, Chairperson, Governing Body, CEC visits EMRC EFLU, Hyderabad
(मध्य में) सीईसी के शासी निकाय की अध्यक्ष प्रो. वसुधा कामत, ईएमआरसी–इफ्लू, हैदराबाद के भ्रमण के दौरान।

# सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में ईएमआरसी पुणे की प्रबंधन मंडल की 25वीं बैठक आयोजित

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय (एसपीपीयू) स्थित शैक्षिक मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्र (ईएमएमआरसी) की प्रबंधन मंडल की 25वीं बैठक 10 अक्टूबर, 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपीपीयू के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) सुरेश गोसावी ने की, जबकि शैक्षिक संचार संकाय (सीईसी), नई दिल्ली के निदेशक प्रो. (डॉ.) परिक्षित सिंह मनहास ने सह-अध्यक्ष के रूप में बैठक में सहभागिता की। बैठक के दौरान, प्रबंधन मंडल ने वर्ष 2027 तक अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले नवनियुक्त सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया तथा दो वर्षों तक समर्पित भाव से अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाले निवर्तमान सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए, सीईसी के निदेशक प्रो. (डॉ.) परिक्षित सिंह मनहास ने आधुनिक शिक्षण-पद्धति में मीडिया एवं प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि देशभर में उच्च शिक्षा को वास्तव में सुलभ, समावेशी एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए डिजिटल माध्यमों से पहुँच का विस्तार, उच्च गुणवत्ता वाली बहुभाषी ई-सामग्री का निर्माण तथा संस्थागत सहयोग को प्रोत्साहन देना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

केंद्र की कार्यक्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बैठक में प्रमुख परिचालन एवं प्रशासनिक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने रणनीतिक भर्ती योजनाओं, वर्तमान शैक्षिक कार्यक्रमों के सुचारु क्रियान्वयन तथा देशभर में विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा की। बैठक का समापन स्वयं एवं स्वयं प्रभा जैसे मंचों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की

सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ। इस बैठक में प्रख्यात फिल्मकार डॉ. जब्बार पटेल, यूजीसी के उप सचिव डॉ. निखिल कुमार तथा पदेन सदस्य प्रो. (डॉ.) प्रफुल्ल पवार और सीएमए (डॉ.) चारुशीला गायकवाड़ सहित प्रबंधन मंडल के विशिष्ट सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की कार्यवाही का समन्वय ईएमएमआरसी, पुणे के प्रभारी निदेशक द्वारा किया गया।

## 25th Board of Management meeting of EMRC Pune held at SPPU

The Educational Multimedia Research Centre (EMMRC) at Savitribai Phule Pune University (SPPU) successfully convened its 25th Board of Management meeting on 10 October 2026. The meeting was chaired by Prof. (Dr.) Suresh Gosavi, Hon'ble Vice-Chancellor of SPPU, and co-chaired by Prof. (Dr.) Parikshat Singh Manhas, Director of the Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi. During the session, the Board officially welcomed the newly appointed members, who will serve through 2027, and extended sincere appreciation to the outgoing members for their two years of dedicated service.

Addressing the gathering, CEC Director Prof. (Dr.) Parikshat Singh Manhas emphasized the transformative role of media and technology in modern pedagogy. He highlighted that expanding digital outreach, creating high-quality multilingual e-content, and fostering institutional collaboration are critical to making higher education truly accessible, inclusive, and future-ready across the nation.

The meeting featured comprehensive discussions on key operational and administrative matters to strengthen the centre's capabilities. Members deliberated on strategic recruitment plans, the smooth execution of current educational programs, and effective measures to increase student enrolment across India. The session concluded with a shared commitment to advancing qualitative, technology-enabled higher education through platforms such as SWAYAM and SWAYAM Prabha. The meeting was conducted in the presence of distinguished Board members, including renowned filmmaker Dr. Jabbar Patel, Dr. Nikhil Kumar (Deputy Secretary, UGC), and Ex -officio Member Prof (Dr.) Prafulla Pawar and CMA (Dr.) Charusheela Gayake. The Director In-charge, EMMRC, Pune, coordinated the proceedings.



Prof. Parikshat Singh Manhas, Director, CEC along with the Board of Management members of EMRC Pune
प्रो. परिक्षित सिंह मनहास, निदेशक, सीईसी, ईएमआरसी पुणे के प्रबंधन मंडल के सदस्यों के साथ।

# बदलते रोजगार बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए एआई कौशल आवश्यक: ईएमआरसी श्रीनगर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों का मत

ईएमआरसी, श्रीनगर द्वारा शैक्षिक संचार संकाय (सीईसी), नई दिल्ली के सहयोग से 21 एवं 22 अक्टूबर को कश्मीर विश्वविद्यालय में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सृजनात्मकता एवं विषयवस्तु निर्माण: एक नए भविष्य की संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कश्मीर विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शिक्षा, सृजनात्मकता, रोजगार एवं संचार के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन ला रही है। ऐसे में लोगों के लिए अपने कौशल को उन्नत करना तथा उभरते प्रौद्योगिकीय परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को ढालना अनिवार्य हो गया है। विचार-विमर्श के दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपेक्षा नहीं की जा सकती और तीव्र गति से बदलती दुनिया में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इस प्रौद्योगिकी के साथ कार्य करने की दक्षता विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने एआई के उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग, आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संचार तथा निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उद्घाटन सत्र में ईएमआरसी की निदेशक प्रो. सैयदा अफ़शाना ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मानव बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एआई के भविष्य को आकार देने का दायित्व केवल प्रौद्योगिकीविदों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी के विकास की दिशा निर्धारित करने तथा इसके उपयोग को दिशा देने में शिक्षकों, शोधकर्ताओं और विद्वानों की भी समान रूप से महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्य वक्तव्य देते हुए, सीईसी, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. परिक्षित सिंह मनहास ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को केवल रोजगार के लिए खतरे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे नए अवसरों के सृजन में सक्षम प्रौद्योगिकी के रूप में भी समझा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एआई का प्रभावी उपयोग करने की समझ रखने वाले लोग भविष्य के रोजगार बाजार में बेहतर स्थिति में होंगे। प्रो. मनहास ने प्रभावी प्रॉम्प्ट लेखन, स्पष्ट चिंतन तथा सशक्त संचार कौशल के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई कम समय और कम संसाधनों में अधिक कार्य संपन्न करने में सक्षम बनाकर उत्पादकता बढ़ा सकती है।




कश्मीर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निलोफर खान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) समग्र मानवता के लिए महत्त्वपूर्ण है तथा यह जटिल शैक्षिक अवधारणाओं को सरलता से समझने में सहायक हो सकती है। उन्होंने दैनिक जीवन की चुनौतियों के समाधान में एआई की संभावनाओं को भी रेखांकित किया तथा इसके विभिन्न अनुप्रयोगों की बेहतर समझ विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. नसीर इकबाल ने कहा कि प्रत्येक चुनौती अपने साथ अवसर भी लेकर आती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया दे रही है, जिससे एक ऐसे नए समन्वय का मार्ग प्रशस्त हो रहा है, जो समग्र मानवता के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है।प्रथम दिवस पर, कालीकट विश्वविद्यालय स्थित ईएमआरसी के निदेशक श्री दामोदर प्रसाद ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)

को सामान्य प्रौद्योगिकीय नवाचार के बजाय एक प्रतिमानगत परिवर्तन के रूप में वर्णित किया। उन्होंने अधिगम एवं तैयारी के क्षेत्र में एआई के बढ़ते उपयोग का उल्लेख करते हुए शिक्षा और व्यावसायिक विकास पर इसके प्रभावों को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी) के डॉ. आसिफ असद ने प्रतिभागियों को पश्मनेट (PashmNet) और राइसनैट (RiceNet) सहित स्थानीय स्तर पर विकसित एआई उपकरणों एवं चैटबॉट्स से परिचित कराया। उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित एआई अनुप्रयोगों की संभावनाओं का प्रदर्शन किया। हरियाणा स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो. उमेश आर्य ने कहा कि एआई अपनी चिंतन-संबंधी कार्यों को संपन्न करने की क्षमता के कारण पूर्ववर्ती प्रौद्योगिकियों से भिन्न है। उन्होंने आगाह किया कि रोजगार पर एआई का प्रभाव विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है, जो वहाँ के कार्यबल में उपलब्ध कौशलों पर निर्भर करेगा।

द्वितीय दिवस पर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की डॉ. अर्चना कुमारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा मानव श्रमिकों के स्थान पर कार्य करने संबंधी चिंताओं पर चर्चा की। उन्होंने रोजगार के व्यापक स्तर पर समाप्त होने की आशंकाओं को ऐसी धारणा बताया, जिसे सोशल मीडिया और सिनेमा के माध्यम से और अधिक बल मिला है। उन्होंने इस बात के प्रति भी आगाह किया कि लोग मानवीय विवेक की तुलना में एल्गोरिदम पर अधिक विश्वास करने लगे हैं। एआई के कानूनी पहलुओं पर चर्चा करते हुए, कश्मीर विश्वविद्यालय के विधि विभाग के डॉ. मीर जुनैद आलम ने एआई द्वारा सृजित सामग्री से कॉपीराइट कानून के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई में स्वतंत्र मंशा का अभाव विधि-निर्माताओं के समक्ष जटिल प्रश्न प्रस्तुत करता है, विशेषकर एआई-जनित कृतियों के लेखकत्व एवं स्वामित्व के निर्धारण के संबंध में। इग्नू के ईएमपीसी की वरिष्ठ निर्माता डॉ. जतिंदरजीत कौर ने प्रौद्योगिकी के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रॉम्प्ट की गुणवत्ता काफी हद तक व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता एवं विषय की समझ पर निर्भर करती है।

कश्मीर विश्वविद्यालय के डॉ. बिलाल अहमद मलिक ने एआई के उपयोगकर्ताओं तथा एआई द्वारा सृजित उत्पादों के विनियमन से संबंधित उभरती चिंताओं पर चर्चा की। उन्होंने इस संबंध में उपयुक्त विधिक ढाँचे विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन सत्र में शिक्षाविदों, मीडिया विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं प्रतिभागियों ने सहभागिता की तथा दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। अपने समापन वक्तव्य में, कश्मीर विश्वविद्यालय स्थित ईएमआरसी के वरिष्ठ निर्माता श्री शफ़क़त हबीब ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव तथा सृजनात्मक कार्यप्रणालियों और समाज पर इसके प्रभावों को समझने के महत्त्व पर विचार व्यक्त किए। कश्मीर विश्वविद्यालय के मुक्त अधिगम संकाय के अधिष्ठाता प्रो. तारिक अहमद चिश्ती ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रौद्योगिकीय प्रगति के अनुरूप स्वयं को ढालने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, कश्मीर विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एम. तारिक बांडे ने बदलते डिजिटल परिदृश्य के अनुरूप शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आवश्यक कदम उठाने के महत्त्व को रेखांकित किया।

समापन संबोधन देते हुए, कश्मीर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. शरीफ-उद-दीन पीरज़ादा ने उच्च शिक्षा में उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तीव्र गति से विकसित हो रहे एआई-सक्षम परिवेश में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु शिक्षार्थियों एवं शिक्षकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करना आवश्यक है।



Prof. Nilofer Khan, Vice-Chancellor, University of Kashmir welcomes Prof. Parikshat Singh Manhas, CEC to the National Seminar
राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर प्रो. नीलोफर खान, कुलपति द्वारा सीईसी के निदेशक प्रो. परिक्षित सिंह मनहास का स्वागत।

कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों एवं संसाधन व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने के साथ हुआ। इस संगोष्ठी ने शैक्षिक मल्टीमीडिया एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम अधिगम के क्षेत्र में संवाद, क्षमता निर्माण और नवाचार को प्रोत्साहित करने के प्रति कश्मीर विश्वविद्यालय स्थित ईएमआरसी तथा सीईसी, नई दिल्ली की प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया। विचार-विमर्श के दौरान यह रेखांकित किया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जहाँ एक ओर अनेक अवसर प्रस्तुत करती है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न चुनौतियाँ भी उत्पन्न करती है। इसका अंतिम प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि समाज इसके विकास, विनियमन एवं उपयोग के संबंध में कितनी उत्तरदायित्वपूर्ण और विवेकपूर्ण दृष्टि अपनाता है।

## AI Skills Essential to Stay Relevant in Changing Job Market, Experts Say at National Seminar organised by EMRC Srinagar

EMRC Srinagar organised a 2-day National Seminar-cum-Workshop titled “Artificial Intelligence, Creativity and Content Generation: Opportunities and Challenges of a New Tomorrow,” in collaboration with the Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi, on October 21 and 22 at the University of Kashmir. Artificial Intelligence (AI) is transforming education, creativity, employment and communication, making it imperative for people to upgrade their skills and adapt to the emerging technological landscape, experts observed during a two-day National Seminar-cum-Workshop at the University of Kashmir. During the deliberations, experts underlined that AI could no longer be ignored and that developing the ability to work with the technology was essential to remain relevant in a rapidly changing world. They also stressed the need for responsible AI adoption, critical thinking, effective communication and continuous skill development.

At the inaugural session, Director EMRC, Prof. Syeda Afshana, said AI imitates human intelligence and emphasised that its future should not be shaped by technologists alone. Educators, researchers and scholars, she said, have an equally important role in determining how the technology evolves and is used.

Delivering the keynote address, Prof. Parikshat Singh Manhas, Director, CEC, New Delhi, said AI should not be viewed merely as a threat to employment, but also as a technology capable of creating new opportunities. He emphasised that people who understand how to use AI effectively would be better positioned in the future job market. Prof. Manhas highlighted the importance of effective prompting, clear thinking and strong communication skills, noting that AI could enhance productivity by enabling more work to be completed in less time and with fewer resources.

Prof. Nilofer Khan, Vice-Chancellor, University of Kashmir, said AI had significance for humanity as a whole and could make complex educational concepts easier to understand. She also emphasised the potential of AI to help address everyday challenges and called for a better understanding of its applications. Prof. Naseer Iqbal, Registrar, University of Kashmir, observed that every challenge brings opportunities. He said the education system was responding to the challenges posed by AI, paving the way for a new synthesis that could benefit humanity.

On the first day, Director EMRC, University of Calicut, Mr. Damodar Prasad, described AI as a paradigm shift rather than an ordinary technological innovation. He referred to the growing use of AI in learning and preparation, highlighting the need to understand its implications for education and professional development. Dr. Asif Assad, Islamic University of Science and Technology (IUST) introduced participants to locally developed AI tools and chatbots, including PashmNet and RiceNet, demonstrating the potential of AI applications tailored to local needs. Prof. Umesh Arya, Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Haryana, said AI differed from earlier technologies because of its ability to perform tasks associated with thinking. He cautioned that the employment impact of AI could vary across countries, depending on the skills available in their workforces.

On the second day, Dr. Archana Kumari, Jawaharlal Nehru University (JNU) addressed concerns about AI replacing human workers, describing widespread fears of job losses as a perception reinforced by social media and cinema. She also cautioned that people were increasingly placing greater trust in algorithms than in human judgement. Addressing the legal dimensions of AI, Dr. Mir Junaid Alam, Department of Law, University of Kashmir, discussed the challenges AI-generated content poses for copyright law. He observed that the absence of independent intention on the part of AI raises complex questions for lawmakers, particularly concerning authorship and ownership of AI-generated works. Dr. Jatinder Jit Kour, Senior Producer, EMPC, IGNOU, emphasised the judicious use of technology and observed that the quality of prompts depends significantly on an individual's intelligence and understanding.

Dr. Bilal Ahmad Malik, University of Kashmir discussed emerging concerns surrounding the regulation of AI users and AI-generated products, highlighting the need for appropriate legal frameworks. The valedictory session brought together academicians, media professionals, researchers, and participants to reflect on key insights from the two-day programme. In his concluding remarks, Shafqat Habib, Senior Producer, EMRC, University of Kashmir, reflected on AI's transformative impact and the importance of understanding its implications for creative practices and society. Prof. Tariq Ahmad Chisti, Dean, School of Open Learning, University of Kashmir, highlighted the need to adapt to technological advancements in education. Prof. M. Tariq Banday, Dean, School of Engineering, University of Kashmir, emphasised the need for educational institutions to respond to the evolving digital landscape.

Delivering the valedictory address, Prof. Sharief-ud-din Pirzada, Dean Academic Affairs, University of Kashmir, highlighted the importance of engaging with emerging technologies in higher education and equipping learners and educators to navigate an increasingly AI-enabled environment.

The programme concluded with the distribution of certificates among participants and resource persons. The seminar reaffirmed EMRC, University of Kashmir, and CEC, New Delhi's commitment to promoting dialogue, capacity-building, and innovation in educational multimedia and technology-enabled learning. The deliberations highlighted that while AI presents both opportunities and challenges, its ultimate impact will depend on how responsibly and thoughtfully society chooses to develop, regulate and use it.



# AI skills essential to stay relevant in changing job market, experts say at KU seminar

**SRINAGAR:** Artificial Intelligence (AI) is transforming education, creativity, employment and communication, making it imperative for people to upgrade their skills and adapt to the emerging technological landscape, experts observed during a two-day National Seminar-cum-Workshop at the University of Kashmir.

Titled "Artificial Intelligence, Creativity and Content Generation: Opportunities and Challenges of a New Tomorrow," the seminar was jointly organised by the Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi and Educational Multimedia Research Centre (EMRC), University of Kashmir on October 21 and 22.

During the deliberations, experts underlined that AI could no longer be ignored and that developing the ability to work with the technology was essential to remain relevant in a rapidly changing world. They also stressed the need for responsible AI adoption, critical thinking, effective communication and continuous skill development.

At the inaugural session, Director EMRC, Prof. Syeda Afshana, said AI imitates human intelligence and emphasised that its future should not be shaped by technologists alone. Educators, researchers and scholars, she said, have an equally important role in determining how the technology evolves and is used.

Registrar, University of Kashmir, Prof. Naseer Iqbal, observed that every challenge brings opportunities. He said the education system was responding to the challenges posed by AI, paving the way for a new synthesis that could benefit humanity.

Delivering the keynote address, Prof. Parikshat Singh Manhas, Director, CEC, New Delhi, said AI should not be viewed merely as a threat to employment, but also as a technology capable of creating new opportunities. He emphasised that people who understand how to use AI effectively would be better positioned in the future job market.

Prof. Manhas highlighted the importance of effective prompting, clear thinking and strong communication skills, noting that AI could enhance productivity by enabling more work to be completed in less time and with fewer resources.

Vice-Chancellor, University of Kashmir, Prof. Nilofer Khan said AI had significance for humanity as a whole and could make complex educational concepts easier to understand. She also emphasised the potential of AI to help address everyday challenges and called for a better understanding of its applications.




On the first day, Director EMRC, University of Calicut, Dr. Damodar Prasad, described AI as a paradigm shift rather than an ordinary technological innovation. He referred to the growing use of AI in learning and preparation, highlighting the need to understand its implications for education and professional development.

Dr. Asif Assad of the Islamic University of Science and Technology (IUST) introduced participants to locally developed AI tools and chatbots, including PashmNet and RiceNet, demonstrating the potential of AI applications tailored to local needs.

Prof. Umesh Arya of Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Haryana, said AI differed from earlier technologies because of its ability to perform tasks associated with thinking. He cautioned that the employment impact of AI could vary across countries, depending on the skills available in their workforces.

On the second day, Dr. Archana Kumari of Jawaharlal Nehru University (JNU) addressed concerns about AI replacing human workers, describing widespread fears of job losses as a perception reinforced by social media and cinema. She also cautioned that people were increasingly placing greater trust in algorithms than in human judgement.

Addressing the legal dimensions of AI, Dr. Mir Junaid Alam of the Department of Law, University of Kashmir, discussed the challenges AI-generated content poses for copyright law. He observed that the absence of independent intention on the part of AI raises complex questions for lawmakers, particularly concerning authorship and ownership of AI-generated works.

Dr. Jatinder Jit Kour, Senior Producer, EMPC, IGNOU, emphasised the judicious use of technology and observed that the quality of prompts depends significantly on an individual's intelligence and understanding.

Dr. Bilal Ahmad Malik of the University of Kashmir discussed emerging concerns surrounding the regulation of AI users and AI-generated products, highlighting the need for appropriate legal frameworks.

The valedictory session brought together academicians, media professionals, researchers and participants to reflect on the key insights emerging from the two-day programme.

In his concluding remarks, Shafqat Habib, Senior Producer, EMRC, University of Kashmir, reflected on the transformative impact of AI and the importance of understanding its implications for creative practices and society.

Prof. Tariq Ahmad Chisti, Dean, School of Open Learning, University of Kashmir, highlighted the importance of adapting to technological advancements in education. Prof. M. Tariq Banday, Dean, School of Engineering, University of Kashmir, emphasised the need for educational institutions to respond to the evolving digital landscape.

Delivering the valedictory address, Prof. Sharief-ud-din Pirzada, Dean Academic Affairs, University of Kashmir, highlighted the importance of engaging with emerging technologies in higher education and equipping learners and educators to navigate an increasingly AI-enabled environment.

The programme concluded with the distribution of certificates among participants and resource persons.

The seminar reaffirmed the commitment of EMRC, University of Kashmir, and CEC, New Delhi, to promoting dialogue, capacity-building and innovation in educational multimedia and technology-enabled learning. The deliberations underscored that while AI presents both opportunities and challenges, its ultimate impact will depend on how responsibly and thoughtfully society chooses to develop, regulate and use it.

# Experts stress AI skills amid technological shift

## Kashmir University seminar highlights opportunities in education, jobs, creativity

RK News Service

**Srinagar, Oct 24:** Experts at the University of Kashmir have stressed the need for people to upgrade their skills and adapt to emerging technologies as Artificial Intelligence (AI) reshapes education, employment, creativity and communication.

The observations were made during a two-day National Seminar-cum-Workshop titled "Artificial Intelligence, Creativity and Content Generation: Opportunities and Challenges of a New Tomorrow", organised jointly by the Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi, and the Educational Multimedia Research Centre(EMRC), University of Kashmir, on October 21 and 22.

The deliberations focused on the growing role of AI, the need for responsible adoption of the technology, and the importance of critical thinking, effective communication and continuous skill development.

Director EMRC, Prof Syeda Afshana, said AI imitates human intelligence and emphasised that its future should not be shaped by technologists alone. Educators, researchers and scholars also have an important role in determining how the technology develops and is used, she said.

Registrar, University of Kashmir, Prof Naseer Iqbal, observed that challenges posed by AI could also create new opportunities, adding that the education system was responding to the emerging technological landscape.

Delivering the keynote address, Director CEC, New Delhi, Prof Parikshat Singh Manhas, said AI should not be viewed merely as a threat to employment, but also as a technology capable of generating new opportunities.

Read more on www.risingkashmir.com




## KU's EMRC, CEC begin 2-day workshop on AI, creativity, content generation

RK News Service

**Srinagar, Oct 21:** The Educational Multimedia Research Centre (EMRC), University of Kashmir (KU), in collaboration with Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi, commenced a two-day seminar-cum-workshop on "Artificial Intelligence, Creativity and Content Generation: Opportunities and Challenges of a New Tomorrow" at Main Campus on Wednesday.

The seminar-cum-workshop aims to explore the growing impact of Artificial Intelligence (AI) on creativity, digital media and content generation, while examining the emerging opportunities, ethical concerns and challenges associated with the rapidly evolving technology.

It also seeks to encourage meaningful discussions on the responsible use of AI in education, media production and creative practices.

Speaking at the inaugural session, Vice-Chancellor KU, Prof. Nilofer Khan, highlighted the growing relevance of Artificial Intelligence in higher education and research.

She emphasised the need to embrace technological advancements while preserving human creativity, critical thinking and ethical responsibility.

"AI is reshaping the way knowledge is created, communicated and disseminated. It is important for universities to engage with these emerging technologies and ensure that innovation remains meaningful and responsible," she said.

Keynote speaker Prof. (Dr.) Parikshat Singh Manhas, Director, CEC, New Delhi, noted the significance of integrating AI into educational communication and multimedia production. He highlighted the potential of emerging technologies to transform content creation, teaching and learning.

Registrar KU, Prof. Naseer Iqbal, in his address, stressed on the need for educational institutions to remain responsive to technological changes and equip students and professionals with the knowledge required in an AI-enabled world.

Shafqat Habib, Senior Producer, EMRC KU, in his remarks, referred to films that have explored AI and its implications for humanity. Drawing attention to cinematic portrayals of AI, he reflected on how films have anticipated debates around human-machine relationships and the ethical dilemmas associated with intelligent systems.

Earlier, Director EMRC KU, Prof. Syeda Afshana, in her welcome address, highlighted the importance of the seminar-cum-workshop in promoting dialogue on the intersection of AI, creativity and multimedia communication. She emphasised the role of educational multimedia centres in exploring innovative content-generation practices and responding to the changing technological landscape.

Annual Report 2026 of EMRC KU and CEC newsletter were also released on the occasion.

The two-day workshop will feature deliberations and interactive sessions on emerging AI tools, creativity, content-generation, and the ethical and professional challenges associated with the use of artificial intelligence.

The event is being attended by Directors of various EMRC Centres across the country, delegates from higher educational institutions, faculty members, research scholars and students of the campus.

The proceedings of the inaugural session were conducted by Ajaz-ul-Haque, and vote of thanks was delivered by Dr. Tariq Abdullah, Producers at EMRC KU.

SRINAGAR. OCTOBER 22, 2026, THURSDAY
Greater Kashmir
GreaterKashmir.com DailyGreaterKashmir GreaterKashmir greaterkashmirnews

# KU's EMRC, CEC begin 2-day workshop on AI, creativity, content generation

GK News Service

Srinagar, Oct 21



The Educational Multimedia Research Centre (EMRC), University of Kashmir (KU), in collaboration with the Consortium for Educational Communication (CEC), New Delhi, commenced a two-day seminar-cum-workshop on "Artificial Intelligence, Creativity and Content Generation: Opportunities and Challenges of a New Tomorrow" at the Main Campus on Wednesday.

